# राजस्थान औद्योगिक पार्क प्रोत्साहन नीति 2026

हाल ही में मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा ने 18 मार्च 2026 को राज्य में औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए **राजस्थान औद्योगिक पार्क प्रोत्साहन नीति 2026 (RAJASTHAN INDUSTRIAL PARK PROMOTION POLICY 2026)** का अनावरण किया। इस नीति का उद्देश्य राज्य में निवेश बढ़ाना, रोजगार के अवसर पैदा करना और आधुनिक औद्योगिक पार्क विकसित करना है।

**अधिसूचना जारी :** 06 मार्च 2026

**अवधि :** - अधिसूचना जारी होने से 5 वर्ष तक।

**क्रियान्वयन एजेंसी (IMPLEMENTING AGENCY) :**

- RIICO द्वारा आवंटित भूमि के लिए, चाहे लीज़ आधार पर हो या PPP मॉडल पर, क्रियान्वयन एजेंसी **RIICO** होगी।
- जहाँ भूमि डेवलपर द्वारा स्वयं प्राप्त और व्यवस्थित की जाती है, वहाँ क्रियान्वयन एजेंसी **उद्योग एवं वाणिज्य आयुक्त**, राजस्थान सरकार होगा।

**उद्देश्य (OBJECTIVES) :**

- व्यापक औद्योगिक पार्क विकास को बढ़ावा देना।
- सतत एवं समावेशी विकास को बढ़ावा देना।
- भविष्य के लिए औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र सक्षम करना।

**नीति का दायरा (SCOPE OF THE POLICY) :**

- यह उन औद्योगिक पार्कों पर लागू होती है जो निजी या सार्वजनिक-निजी भागीदारी के माध्यम से विकसित किए जाते हैं, जिसमें प्रोत्साहन एवं वित्तीय सहायता, नियामकीय एवं प्रक्रियात्मक सुविधा तथा परियोजना क्रियान्वयन एवं दीर्घकालिक रखरखाव के लिए संस्थागत समर्थन शामिल है।

**औद्योगिक पार्क के विकास का मॉडल :**

यह नीति भूमि क्रय/अधिग्रहण और स्वामित्व को चार अलग-अलग प्रकारों में वर्गीकृत करती है:

**A** – RIICO द्वारा आवंटित भूमि पर पूर्णतः विकसित औद्योगिक पार्क।

**B** – ऐसे प्रोजेक्ट जिनमें डेवलपर आवश्यक भूमि का कम से कम 80% स्वयं व्यवस्थित करता है और शेष 20% तक भूमि RIICO द्वारा आवंटित की जाती है।

**C** – ऐसे प्रोजेक्ट जो पूरी तरह से डेवलपर द्वारा स्वयं व्यवस्थित भूमि पर विकसित किए जाते हैं।

**D** – ऐसे प्रोजेक्ट जिनमें RIICO संयुक्त उद्यम या विशेष प्रयोजन वाहन (SPV) में न्यूनतम 26% इक्विटी हिस्सेदारी के बदले भूमि का योगदान देता है।

©RAJASTHAN CURRENT AFFAIRS | ALL RIGHTS RESERVED | WWW.RAJASTHANCURRENTAFFAIRS.IN

मॉडल ‘A’ से ‘D’ के अंतर्गत किसी विशेष स्थान पर निजी औद्योगिक पार्क को निर्धारित करने के लिए सक्षम प्राधिकारी उद्योग एवं वाणिज्य विभाग, राजस्थान सरकार होगा।

**अन्य प्रावधान :-**

- **राज निवेश पोर्टल** के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन किया जा सकेगा।
- औद्योगिक पार्क का **क्षेत्रफल न्यूनतम 50 एकड़** होगा और ऐसे औद्योगिक पार्क में **न्यूनतम 10 इकाइयाँ** स्थापित की जाएँगी।
- औद्योगिक पार्क के आकार के आधार पर पूंजी अनुदान प्रदान किया जाएगा, जो निम्न होगा -
    - 100 एकड़ तक → ₹20 करोड़ तक
    - 100 से 250 एकड़ → ₹30 करोड़ तक
    - 250 एकड़ से अधिक → ₹40 करोड़ तक
    - यह अनुदान राज्य सरकार और RIICO द्वारा संयुक्त रूप से प्रदान किया जाएगा।
- सामान्य अपशिष्ट शोधन संयंत्र (CETP) के निर्माण पर किए गए व्यय का 50% (अधिकतम ₹12.5 करोड़) प्रदान किया जाएगा।
- आवेदक RIPS - 2024 के तहत विभिन्न छूटों/सब्सिडी के पात्र होंगे।

---

**FAQ :-**

**प्रश्न 1 :- राजस्थान औद्योगिक पार्क प्रोत्साहन नीति 2026 से संबंधित निम्न निम्न कथनों पर विचार करें-**
**1. नीति की अधिसूचना 06 मार्च 2026 को जारी हुई।**
**2. नीति का अनावरण 18 मार्च 2026 को किया गया।**
**3. नीति की वैधता 10 वर्ष है।**
**सही विकल्प है ?**

(A) केवल 1 और 2
(B) केवल 2 और 3
(C) केवल 1 और 3
(D) 1, 2 और 3
सही उत्तर : (A)

---

**प्रश्न 2 :- निम्न में से कौन सा युग्म सही सुमेलित है**
(A) मॉडल A – डेवलपर द्वारा पूरी भूमि
(B) मॉडल B – 80% डेवलपर + 20% RIICO
(C) मॉडल C – PPP मॉडल
(D) मॉडल D – केवल RIICO भूमि

RAJASTHAN CURRENT AFFAIRS www.rajasthancurrentaffairs.in

सही उत्तर : (B)

---

**प्रश्न 3 :- राजस्थान औद्योगिक पार्क प्रोत्साहन नीति 2026 में औद्योगिक पार्क के लिए न्यूनतम क्षेत्र कितना निर्धारित किया गया है ?**

(A) 25 एकड़
(B) 50 एकड़
(C) 75 एकड़
(D) 100 एकड़

सही उत्तर : (B)

---

**प्रश्न 4 :- कथन (A): राजस्थान औद्योगिक पार्क प्रोत्साहन नीति 2026 में मॉडल D के अंतर्गत RIICO की न्यूनतम 26% इक्विटी हिस्सेदारी होती है**
**कारण (R): मॉडल D में परियोजना संयुक्त उद्यम या SPV के रूप में विकसित होती है**
**सही विकल्प चुनें -**

(A) A और R दोनों सही हैं तथा R, A का सही कारण है
(B) A और R दोनों सही हैं लेकिन R, A का सही कारण नहीं है
(C) A सही है लेकिन R गलत है
(D) A गलत है लेकिन R सही है
सही उत्तर : (A)

RAJASTHAN CURRENT AFFAIRS www.rajasthancurrentaffairs.in